# असम बाढ़ राहत के लिए वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल का ₹7 करोड़ का योगदान, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

**भास्कर समाचार सेवा**

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने असम में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित समुदायों के राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल और वेदांता समूह द्वारा ₹7 करोड़ के योगदान की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा श्री @AnilAgsrwsl_Ved जी लंबे समय से असम की विकास यात्रा के प्रबल समर्थक रहे हैं और वेदांता समूह ने हमारे राज्य में महत्वपूर्ण निवेश किए हैं। असम इस भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है, ऐसे समय में वेदांता ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए ₹7 करोड़ का योगदान देकर एक बार फिर आगे बढ़कर सहयोग किया है।



हम अनिल अग्रवाल और वेदांता समूह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े होकर सहयोग दिया। उनका यह उदार योगदान समाज को लौटाने में उनके अटूट विश्वास को दर्शाता है।

₹7 करोड़ की यह राशि तत्काल राहत कार्यों जैसे भोजन, आश्रय, स्वच्छ पेयजल और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ दीर्घकालिक पुनर्वास प्रयासों में भी उपयोग की जाएगी। वेदांता समूह की असम में तेल एवं गैस क्षेत्र में अपनी परिचालन गतिविधियों के माध्यम से लंबे समय से महत्वपूर्ण उपस्थिति रही है।